

लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाही

# 6हजार की रिश्वत लेते पटवारी पकड़ा

## सीमांकन के नाम पर मांग रहा था दस हजार



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 20 मई।** भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही लोकायुक्त पुलिस ने भिंड जिले के मालनपुर में बड़ी कार्रवाई की है। गोहद तहसील के तुकेडा हल्का पटवारी को किसान से 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख एवं उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह के भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश पर ग्वालियर लोकायुक्त इकाई ने यह ट्रैप कार्रवाई की।

### क्या था मामला

आवेदक रामखिलाड़ी चौहान, उम्र 56 वर्ष, पेशे से किसान और निवासी ग्राम तुकेडा, तहसील गोहद, जिला भिंड ने 15 मई 2026 को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त ग्वालियर को शिकायत की थी। आरोप था कि तुकेडा हल्के का पटवारी हिमांशु तोमर, पिता महेश सिंह तोमर, उम्र 35 वर्ष, निवासी शिंदे की छावनी लश्कर ग्वालियर, जमीन का सीमांकन करने के एवज में 10 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा है, शिकायत के सत्यापन में आरोप सही पाए गए। इसके बाद 20 मई 2026 को रिश्वत की राशि लेना तय हुआ। तय योजना के अनुसार आरोपी पटवारी हिमांशु तोमर को मालनपुर के पास नहर की पुलिया के बाईं तरफ 6 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया ।आरोपी पटवारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, संशोधित अधिनियम 2018 की धारा-7 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है ।इस कार्रवाई को डीएसपी विनोद सिंह कुशवाह के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। टीम में निरीक्षक उपेंद्र दुबे, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र पवैया, हेमन्त शर्मा, जसवंत शर्मा, मनोज कुशवाहा, बलवीर सिंह तथा आरक्षक प्रशांत कुशवाह, विनोद शाक्य और रवि सिंह शामिल रहे ।लोकायुक्त की इस कार्रवाई से राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। डीजी लोकायुक्त ने साफ किया है कि भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।




# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों की हड़ताल

**मेडिकल स्टोर बंद रहने से मरीज और परिजन परेशान, जिला अस्पताल में दवाओं के लिए भटके लोग**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 मई।** शहर में बुधवार को ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों की हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर भिंड शहर के अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहे, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हड़ताल के चलते जिला अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को आवश्यक दवाएं नहीं मिल सकीं। कई मरीज और उनके परिजन दवा दुकानों के बंद होने के कारण शहरभर में भटकते नजर आए। विशेष रूप से बुजुर्ग मरीजों, महिलाओं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को अधिक परेशानी उठानी पड़ी। केमिस्टों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे मेडिकल कारोबारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। साथ ही बिना उचित जांच और चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं की ऑनलाइन बिक्री से मरीजों के स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम लागू करने की मांग की। हड़ताल के कारण शहर के प्रमुख बाजारों और अस्पतालों के आसपास स्थित मेडिकल स्टोर पूरी तरह बंद रहे। हालांकि कुछ आपातकालीन सेवाओं के तहत चुनिंदा दवा दुकानें आंशिक रूप से खुली रहीं, लेकिन वहां भी सीमित दवाएं ही उपलब्ध थीं। मरीजों और उनके परिजनों ने कहा कि अचानक मेडिकल स्टोर बंद होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोगों को जरूरी दवाएं समय पर नहीं मिल सकीं, जिससे उपचार प्रभावित हुआ।

# भिंड में पीएम जनमन और डीजे जेजीयूए अभियान शुरू

**'सबसे दूर, सबसे पहले' के तहत सहरिया बस्तियों में पहुंचा प्रशासन**

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 20 मई।** भिंड जिले में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए संचालित शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'PM JANMAN एवं DJ-JGUAजनभागीदारी - सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान का आगाज हो गया है। कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा के निर्देश पर 18 से 25 मई 2026 तक यह राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है।

सहरिया बस्तियों से हुई शुरुआत:अभियान की शुरुआत सहरिया बसाहटों से की गई। यहां हेल्थ कैंप, पोषण आहार वितरण



और बच्चों के जन्मदिन उत्सव के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। 20 मई को अभियान के तहत ट्रांजिट वॉक कर जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया गया। टीम ने गोहद विकासखंड के आशाराम का पुरा, मातादीन का पुरा, गुरीखा, टेटोन, डांग आदि ग्रामों का भ्रमण किया। 21 से 23 मई तक जनसुनवाई:सामान्य जन की समस्याओं के निराकरण के लिए 21 मई से 23 मई 2026 तक जनसुनवाई शिविर लगाए जाएंगे। इसकी सूचना आमजन को जनसंपर्क के माध्यम से दे दी गई है। निरीक्षण के दौरान भू-मण प्रभारी एवं मंडल संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग आर एन दोहरे, योजना नोडल रिषभ शर्मा

> कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा के निर्देश पर 18 से 25 मई तक चलेगा जनभागीदारी अभियान, हेल्थ कैंप, पोषण आहार और जन्मदिन उत्सव से हुई शुरुआत

शिक्षक, सहायक नोडल अधिकारी सुरेश कुमार लोहिया, बृजेश मौर्य सहित स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग और जनपद पंचायत गोहद के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी विभागों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

जिला संयोजक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग, जिला भिंड द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव में जागरूकता फैलाकर पात्र हितग्रा हियों को योजनाओं से जोड़ना है।

# एसआरएफ फाउंडेशन ने कराया दीक्षांत समारोह

**24 छात्रों को टूलकिट व प्रमाण पत्र बांटे**

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 20 मई।** एसआरएफ फाउंडेशन भिण्ड द्वारा रूरल एजुकेशन प्रोग्राम के तहत संजय नगर ग्वालियर में बेसिक इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण के बैच-13 का दीक्षांत समारोह हुआ। मुख्य अतिथि प्रशिक्षण अधीक्षक नरेश अहिरवार ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम अधिकारी चैनसिंह किरार ने बताया कि 4 माह के प्रशिक्षण में युवाओं को वायरिंग, पंखा-कूलर वाइंडिंग व विद्युत मरम्मत का प्रैक्टिकल सिखाया जाता है। अब तक 600 युवा प्रशिक्षित हो चुके हैं, 400



पासआउट और 200 से ज्यादा रोजगार से जुड़े हैं।

नरेश अहिरवार ने कहा कि फाउंडेशन ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। प्लेसमेंट ऑफिसर भूपेंद्र आर्य ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार दोनों से जोड़ रहे हैं। समारोह में 24 छात्रों को टूलकिट व प्रमाण पत्र दिए गए। इस मौके पर आर.के. गुप्ता, सन्तोष कुमार शाक्य, रामलखन सहित 40 छात्र मौजूद रहे। फाउंडेशन गोहद-मालनपुर में 10 स्कूल, 30 आंगनवाड़ी, डिजिटल बस व दो ट्रेनिंग सेंटरों से शिक्षा व कौशल विकास का काम कर रहा है।

## भाई की बुलेट पकड़ी तो पुलिस जीप पर बैठी महिला

**शिवपुरी।** करेरा कस्बे में मंगलवार शाम वाहन चेकिंग के दौरान एक महिला ने जमकर हंगामा कर दिया। पुलिस द्वारा उसके भाई की बुलेट पर चालानी कार्रवाई किए जाने से नाराज महिला पुलिस जीप के बोनट पर जाकर बैठ गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, करेरा पुलिस एसडीओपी कार्यालय के बाहर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान दीप्ति परिहार अपने भाई के साथ बुलेट पर वहां पहुंचीं। पुलिस ने बाइक को रोककर जांच की तो वाहन में कई नियमों का उल्लंघन सामने आया। पुलिस जांच में सामने आया कि बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी।

# बरसाना बना मानहड़ गांव, कृष्ण भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**भागवत कथा के आज चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव का हुआ मनोहारी वर्णन**

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव 20 मई।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गांव मानहड़ केसरी राम जानकी मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के आज चौथे दिन कथा व्यास पंकज कटारे ने श्री कृष्ण जन्म उत्सव का मनोहारी वर्णन किया इस दौरान कृष्ण भक्ति में डूबे हुए श्रद्धालु नाचते गाते, हम आपको बता दें कि कृष्ण जन्म उत्सव का वर्णन करते हुए आचार्य कटारे ने कहा कि जब-जब भक्तों पर विपत्ति पड़ती है जब-जब धर्म पर अनाचार और अत्याचार बढ़ जाता है जब-जब लोग धर्म को मानने से कतरने लगते हैं तब इस संसार में धर्म की स्थापना हेतु और दोस्तो का संघार करने हेतु ईश्वर का अवतार होता है उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण का अवतार भी इसी निमित्त हुआ जो 16 कलाओ से पूर्ण थे जिन्हें साम दाम दंड भेद हर नीति आई थी, भगवान कृष्ण ने दोस्तों का संघार करते हुए धर्म की पुन: स्थापना की थी इस दौरान उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण ने प्रेम को सर्वोच्च बताया उन्होंने कहा कि मानव का मानव के प्रति प्रेम ही सच्ची सेवा होता है उन्होंने कहा कि जन सेवा ही प्रभु सेवा है इस भाव को समर्पित व्यक्ति हमेशा ईश भक्ति को प्राप्त करता है, आज की कथा के इस पावन अवसर पर कांग्रेस के



प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद चौधरी भी मौजूद हुए यहां मंच आसीन व्यास पीठ का पूजन करते हुए इन समस्त संत जनों का आदर सत्कार किया,आज की कथा के इस पावन अवसर पर परिचित मीना देवी राम प्रताप सिंह भदोरिया, राजेंद्र सिंह भदोरिया रामेंद्र सिंह भदोरिया राम बिहारी सिंह भदौरिया महेंद्र सिंह भदोरिया ज्ञान सिंह भदोरिया संजू दादा मनोज सिंह भदोरिया राजेश सिंह भदोरिया सख्त सिंह भदोरिया सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# शिवहरे बने मप्र कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 20 मई।** कांग्रेस के युवा नेता एवं समाजसेवी मनीष शिवहरे को मध्यप्रदेश कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन पर मंगलवार रात्रि माँ सरस्वती प्रांगण मेंहगांव में सरस्वती मैया के भक्तों ने मैया के चरणों में उनका स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में माताप्रसाद ढमोले, विनोद दीक्षित, ललित आचार्य जी, मोहित कांकर, अली खांन, कृष्णा शर्मा आदि* भक्तों ने मनीष शिवहरे को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। सरस्वती मैया के अनन्य भक्त मनीष शिवहरे ने मंदिर में पूजा अर्चना कर मैया का आशीर्वाद लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि मनीष कांग्रेस के सच्चे सिपाही, कर्मठ समाजसेवी एवं बहुत सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। बेरोजगार युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने वाले मनीष के मनोनयन से क्षेत्र के युवाओं में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं व गणमान्य



नागरिकों ने कहा कि मनीष शिवहरे के नेतृत्व में बेरोजगार प्रकोष्ठ प्रदेश में युवाओं के हितों की लड़ाई और मजबूती से लड़ेगा।

# भिंड मेला हमारी संस्कृति और सामाजिक समरसता की पहचान : विधायक



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 मई।** व्यापार मेला हमारी भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और भाईचारे की पहचान है। मेले केवल व्यापार का माध्यम नहीं होते, बल्कि समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य भी करते हैं। यह बात भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने भिंड मेले के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मेले में दूर-दराज से व्यापारी और दुकानदार अपनी दुकानें लेकर आते हैं तथा एक माह तक व्यापार करते हैं। वहीं परिवार सहित आने वाले लोग आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश लेकर जाते हैं। विधायक ने कहा कि भिंड व्यापार मेले की शुरुआत स्वर्गीय हरिकिशन दास जी ने विधायक प्रतिनिधि रहते हुए की थी और आज भी यह मेला उनकी स्मृति में आयोजित किया जाता है।

विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि भविष्य में भिंड मेले को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक व्यापारी और दुकानदार यहां आकर अपना कारोबार कर सकें तथा जिले के विकास को नई गति मिल सके। उन्होंने कहा कि संस्कृति किसी समाज की पहचान होती है, जिसमें भाषा, साहित्य, रीति-रिवाज, परंपराएं, कला और संगीत शामिल हैं। यह हमारी विरासत है, जिसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दुकानदार व्यापारी कल्याण समिति द्वारा मेले के विकास को लेकर जो सुझाव दिए गए हैं, उन पर नगर पालिका परिषद गंभीरता से विचार करेगी और शीघ्र ही मेले को नया स्वरूप देने की कार्ययोजना बनाई जाएगी।

**विभिन्न लोगों का किया सम्मान:**समापन समारोह में विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले पुलिस विभाग, नगर रक्षा समिति के सदस्यों, व्यापारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता मायाराम शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पुरोहित, जिला मंत्री पवन जैन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आभा जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया, दीपेंद्र सिंह तोमर सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकालीन खेल शिविर 'आरोह' में खिलाड़ियों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

**पुलिस साइबर सेल ने ऑनलाइन ठगी से बचाव के बताए तरीके, हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने की दी सलाह**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 मई।** म.प्र. खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा एवं पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह-2026' के 16वें दिन खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जिला पुलिस बल की साइबर सेल से जुड़े सत्यवीर सिंह, हरपाल सिंह चौहान एवं प्रशांत नरवरिया ने प्रशिक्षण शिविर में शामिल खिलाड़ियों को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन ठगी के तरीकों की जानकारी दी। साइबर विशेषज्ञों ने खिलाड़ियों को भुगतान एप, टेलीग्राम एप, व्हाट्सएप वीडियो कॉलिंग,



खरीदी-बिक्री वेबसाइट, ई-केवाईसी और शासकीय योजनाओं के नाम पर होने वाली साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक, लुभावने ऑफर या संदिग्ध विज्ञापन पर क्लिक न करें। विशेष रूप से बच्चों को ऑनलाइन गेम्स के माध्यम से होने वाली साइबर ठगी के प्रति सावधान रहने की समझाइश दी गई। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को सलाह दी कि ई-मेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट, ई-वॉलेट एवं नेट बैंकिंग के पासवर्ड मजबूत रखें और समय-समय पर उन्हें बदलते रहें। साथ ही किसी भी व्यक्ति के साथ हुञक्क बैंक डिटेल या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की हिदायत दी गई। साइबर सेल अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी होती है तो तत्काल सायबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# भरौलीकलां पहुंचे कलेक्टर,अनुपस्थिति पर कार्रवाई के निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 मई।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने जिले में शुद्ध पेयजल उपलब्धता, वर्षाजल संरक्षण एवं बेहतर बाढ़ प्रबंधन व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जनपद पंचायत मेहगांव अंतर्गत ग्राम भरौलीकलां का भ्रमण किया। ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचकर उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पूर्व सूचना के बावजूद पंचायत सचिव विनोद सिंह भदौरिया के अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। ग्राम भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन स्थानों एवं घरों का निरीक्षण किया, जहां वर्षाकाल में बाढ़ का पानी पहुंचता है। उन्होंने संभावित बाढ़ से बचाव एवं सुरक्षा उपायों को लेकर ग्रामीणों से संवाद करते हुए आवश्यक सुझाव दिए ।गांव की गलियों का निरीक्षण करते समय कलेक्टर ने गंदी नालियों एवं कीचड़युक्त क्षेत्रों को देखकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेहगांव को आवश्यक स्थानों पर नाली निर्माण कराने के निर्देश दिए। वहीं ग्रामीणों द्वारा सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण की मांग किए जाने पर संबंधित अधिकारियों को परीक्षण उपरांत नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। **अमायन तहसील भवन का भी किया निरीक्षण:** ग्राम भरौलीकलां के भ्रमण के बाद कलेक्टर ने अमायन स्थित नवीन तहसील भवन का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया ।

## हजारों निवेशकों की नहीं मिल रही जमा पूंजी

**सीधी.** देश भर में निवेशकों द्वारा सहारा में कई सौ करोड़ रुपए जमा कराए गए हैं. जिसकी वापसी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा चुनाव से पूर्व सहारा निवेशकों की बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए सहारा रिफंड पोर्टल लांच किया गया था. पोर्टल के जरिए सहारा की चार को-ऑपरेटिव सोसायटी के निवेशकों को आवेदन करने को कहा गया था. उक्त आवेदन के बाद 45 दिन के अंदर संबंधित निवेशक को जमा राशि में 10 हजार रुपए अधिकतम प्रथम किस्त में उसके द्वारा दिए गए बैंक एकाउंट में भेजने की व्यवस्था बनाई गई थी.

# हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग का अलर्ट

**दोपहर में धूप से बचने की सलाह**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 मई।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और हीट वेव (लू) की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अत्यधिक गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, बेहोशी, हीट स्ट्रोक सहित कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार विशेष रूप से बुजुर्ग, छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं और पहले से बीमार व्यक्ति अधिक जोखिम में हैं, इसलिए उन्हें अतिरिक्त सावधानी

**बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को विशेष सतर्कता बरतने की अपील**

बरतने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी है। इसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी एवं अन्य तरल पदार्थ लेने, हल्के सूती कपड़े पहनने तथा बाहर निकलते समय सिर को कपड़े या टोपी से ढंकने की सलाह दी गई है। विभाग ने कहा है कि गर्मी के मौसम में बच्चों एवं बुजुर्गों को बंद वाहनों में अकेला छोड़ना खतरनाक साबित हो सकता है। यदि किसी व्यक्ति में हीट स्ट्रोक के लक्षण जैसे तेज बुखार, चक्कर, उल्टी, कमजोरी या बेहोशी दिखाई दे तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग ने गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार हीट वेव के दौरान शरीर में पानी की कमी, अत्यधिक थकान, ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव और गर्भस्थ शिशु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त तरल पदार्थ लेने, धूप से बचने, संतुलित भोजन करने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराते रहने की सलाह दी गई है।

**आम सूचना**

**शस्त्र लाइसेंस खो जाने वास्ते**

मैं रामदत्तं सिंह पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सिंह ग्राम विजयगढ़ पोस्ट-कृपे का पुरा, थाना-गोरमी जिला भिण्ड (म.प्र.) का निवासी हूं। मेरे नाम से आत्म रक्षार्थ 315 बोर स्वीकृत लाइसेंस क्रमांक L.No. 16-DMR.JC. दिनांक 11.02.2009 है। मेरा शस्त्र लाइसेंस ऑनलाइन पर क्रमांक AID: 0710361842016 व UCR: 2035 2003500 3082018 सेदर्ज है। मेरा उक्त शस्त्र लाइसेंस कहीं पर खो गया है, काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहा है। मैंने अपने शस्त्र लाइसेंस खो जाने की लिखित शिकायत पुलिस थाना गोरमी जिला भिण्ड में दिनांक 09.04.2026 को दर्ज करवा दी है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति को मेरा उक्त शस्त्र लाइसेंस मिले तो उसे पुलिस थाना गोरमी में जमा कराये जाने हेतु मेरे द्वारा आम सूचना का प्रकाशन करवाया जा रहा है।

**रामदत्त सिंह पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सिंह**
**निवासी-ग्राम विजयगढ़, पोस्ट कृपेकापुरा**
**थाना-गोरमी, जिला-भिण्ड (म.प्र.)**
**मोबाइल नं. 9303937905**